# Short Comedy Drama Script in Hindi | शॉर्ट कॉमेडी ड्रामा स्क्रिप्ट इन हिन्दी

## पूर्वाभास :

हैलो दोस्तों आज की इस आर्टिकल मे हम आपसे और एक " **डुअल ऑडिशन स्क्रिप्ट (Dual Audition Script)** " शेयर करने जा रहे है " **Short Comedy Drama Script in Hindi | शॉर्ट कॉमेडी ड्रामा स्क्रिप्ट इन हिन्दी** " ; इस स्क्रिप्ट मे एक आदमी है जो घर से दूर राहत है और अपने भाई के अकाउंट पर पैसे भेजने के लिए एक बैंक मे आया है | यहा पर एक मैडम है जो की काउन्टर पर बैठी है | अब काउन्टर पर आने के बाद इस आदमी की और उस मैडम की क्या बाते चल रही गई आप ही सुनिए ।।

## पात्र:

छगन ( उम्र ४०-५० साल ), मैडम ( उम्र २५-३५ साल )

## समय :

१० मिनिट

## Short Comedy Drama Script in Hindi With Moral | Funny कॉमेडी ड्रामा स्क्रिप्ट इन हिंदी

**छगन :** जी नमस्कार, हमारा नाम छगन है|

**मैडम:** नमस्कार छगन जी कैसे हैं ? हमारी बैंक में आने के लिए धन्यवाद | कहिए मैं आपकी क्या सेवा कर सकती हूं ?

**छगन :** आ.. वैसे सेवा करके लेने का बहुत मन है पर अभी फिलहाल नहीं, वैसे ही यहां पर सेवा भी की जाती है पता नहीं था | वह क्या है ना हमारे घरवालीहमारी रोज सेवा करती है| पिछले दो दिनों से वह मायके चली गई है जब तक वो आए आप ही सही |

**मैडम:** देखिए लगता है आपको गलत फैमिली हो गयी है, सेवा मतलब पत्नी जो करती है वह सेव नहीं हम यहां बैंक की सेवा की बात कर रहे है | जैसे खाता खोलना, पैसा भेजना, बैंक का लोन इस तरह की कुछ चीजों की आपको जरूरत है तो हम सेवा कर सकते हैं|

**छगन:** अच्छा यह बात है, हा हा हा हा , वैसे हमें गांव में पैसा भेजना था|

**मैडम:** हां यह हुयी ना बात ... बोलिए कितने पैसे भेजने हैं और कहां भेजने हैं ?

**छगन:** जी 2000 भेजना है , वह हमारा छोटा भाई है ना " लखन " उसका नाम पर|

**मैडम:** अच्छा ठीक है, पासबुक दीजिए,और हां आधार कार्ड भी |

**छगन:** जी , यह लीजिए |

**मैडम:** अरे यह किसका आधार कार्ड है, देखिए यह तो फोटो भी मैच नहीं हो रही है|

**छगन:** अरे मैडम यह आधार कार्ड तो हमारा ही है और उसे पर लगी हुई फोटो भी, वैसे आपको बताते हैं यह फोटो शादी के पहले की ; उसे वक्त हम बहुत ही जवान और सुंदर थे इसलिए तो " लल्ला " की मां ने शादी के लिए हां कर दिया|

**मैडम:** अभी " लल्ला " कौन है? और उसकी मां का आपसे क्या लेना देना ?

**छगन:** यह लाला मतलब हमारा बेटा और उसकी मां मतलब हमारी घरवाली | वैसे हमारे यहां औरत को नाम से पुकारा नहीं जाता इसलिए हम " लल्ला " की मां कहते हैं |

**मैडम:** देखो आप किस काम के लिए यहां पर आए हो वह कम करो हमें इधर-उधर की बात मत बताओ | आपका जो फोटो है वह बहुत ही खराब हो चुका इसलिए इसको सबसे पहले अपडेट करना होगा|

**छगन:** अच्छा तो अभी फोटो भी बदलना पड़ेगा? अरे मैडम अभी आप ही कुछ कीजिए , देखिए अभी हमें तुरंत पैसा भेजना है|

**मैडम:** देखिए बैंक का कौन सा भी काम करने से पहले दस्तावेज देखे जाते हैं और कुछ उसमें कुछ गड़बड़ होती है तो हमें आगे का काम करने की अनुमति नहीं होती, और आपका तो एक भी कागज सही नहीं है | ऐसे में हमने अगर आपका काम किया और कुछ उल्टा सीधा हो तो हम

फंस जाएंगे| वैसे भी सरकार ने पिछले महीने ही आधार कार्ड अपडेट करने के लिए आवाहन किया था और सिर्फ बैंक के लिए नहीं तो आज से किसी भी काम के लिए आपको आपके दस्तावेजों को अपडेट करना ही पड़ेगा वरना आपका काम नहीं होगा |

**छगन:** अच्छा यह बात है! और क्या करें आप ही ऐसी बात कर रहे हैं तो मानना तो पड़ेगा|

**मैडम:** अरे रामू इधर आ, एक चाय लेकर हां शकर थोड़ी कम डालना|

**छगन:** अच्छा सुनो थोड़ी इलायची और अदरक भी डालना, क्योंकि इससे चाहे को एक अलग ही स्वाद आता है|

**मैडम:** हेलो आपके लिए चाय नहीं मँगा रही हूं, बल्कि मेरे लिए मंगा रही हु |आए बड़े चाय पीने वाले |पहले जाओ और आधार कार्ड अपडेट करो|

**छगन:** हमारा नसीब कहां चाय पीने का( मन ही मन में.. धीमी आवाज मे .. ) वैसे मैडम जी एक बात करनी थी |

**मैडम:** देखिए आपको जो भी कहना है जल्दी से कहे और काउंटर खाली करें बाकी कस्टमर लाइन में कब से खड़े है, हमे उन्हे भी देखना होता है |

**छगन:** नहीं मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा सिर्फ एक बात पूछनी है| वह ज्यादा समय के लिए पैसा जमा करके रखना होता है उसके लिए क्या करना होगा ?

**मैडम:** अच्छा ! मतलब एफ डी......!

**छगन:** नहीं नहीं आप जो बोल रहे हो हमारे समझ में नहीं आ रहा है, हमें एक साथ बैंक में पैसा जमा करवाना था |

**मैडम:** हां वही बात कर रही हूं, उसे ही एफ डी कहते हैं , आपको एफ डी करनी है |पहले ही बता देना था ; खाली आपका समय बर्बाद किया| तो सर बोलिए आपको कितने पैसों की एफ डी करनी है ?

**छगन:** अरे नहीं मैडम जी हमे सर मत बोलिए, हम तो बहुत छोटे आदमी हैं|

**मैडम:** नहीं नहीं आप ऐसा मत बोलिए आप हमारे कस्टमर हो और कस्टमर हमें भगवान की तरह होता है " इसलिए हम आपको कर ही कहेंगे " , चलिए अब बोलिए कितने पैसों की एचडी करनी है ?

**छगन :** वैसे तो हमें हमें 50000 की करनी थी पर अब क्या करें ? आधार कार्ड की समस्या आ गई है तो कैसे कर सकते हैं? खैर छोड़िए बाद में कभी देखेंगे अभी फिलहाल आधार कार्ड काम काम करना पड़ेगा|

[**हमे फॉलो करे**( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

**मैडम:** अरे नहीं सर, ऐसा कुछ नहीं है एफडी करने के लिए कुछ प्रॉब्लम नहीं होगा, वह आधार कार्ड चल सकता है, अच्छा रामू सर को बैठने के लिए एक कुर्सी देना और एक चाय भी लेकर आना |

**छगन :** नहीं वो फोटो की भी समस्या है तो बाद में ही देखते हैं| अब यह काम हो जाएगा फिर पैसा भेजने के लिए वापस तो आना ही पड़ेगा |

**मैडम:** किसने बोला आपका काम नहीं होगा ? आपका दोनों काम हो जाएगा | पासबुक दीजिए , किसको भेजना है उसका अकाउंट नंबर दीजिए, और नाम बताइए | वह क्या है ऐसे बड़े काम के साथ छोटे-छोटे काम जल्दी से हो जाते हैं, लो हो गया ट्रांसफर| अब बैठीये हम एफ डी की फॉर्म लेकर आते हैं |

**छगन:** नहीं मैडम जी हमें कोई एफड़ी नहीं निकालनी, वह तो हमने ऐसे ही कह दिया " देखे तो है की आम आदमी से आप लोग कैसे पेश आते हो " | अभी कुछ देर पहले हमने आपसे ₹2000 भेजने की बात की तो आपने कुछ ना कुछ कारण देकर हमें यहां से जाने कहा पर जब हमने आपसे पैसे देने के बात की की तो वही आधार कार्ड चल सकता है | देखिए हम जैसे लोग थोड़े कम पढ़े लिखे होते हैं इसका मतलब ऐसा नहीं पढ़े लिखे लोग उन्हें अपने अनुसार कुछ भी करने के लिए कहे| लोग यहां पर बहुत बड़ी उम्मीद लेकर आते हैं किसी के घर का आदमी बीमार रहता है उसे तुरंत पैसा भेजने की जरूरत होती है, किसी को अपना उधार चुकाना होता है और ऐसे लोग जब आपके पास आते हैं तो बड़ी उम्मीद लेकर आते है, कृपया आप उनसे ऐसा बर्ताव ना करें | हमसे कुछ गलती हुई तो माफ करना, और हां यह पैसा भेजने के लिए धन्यवाद | रामू इधर आना.... आपको भी बहुत-बहुत धन्यवाद क्या चाय बनाई आपने मन करता है दिन

रात इधर ही चाय पीने आजाऊ| चलते है |
धन्यवाद !!!

**यह भी पढे:**

**[हिन्दी ऑडिशन स्क्रिप्ट फॉर मेल | Hindi Audition Script For Male]**

**Best Audition Script in Hindi | Monologue Script For Male in Hindi**

**Website: www.marathiauditionscript.com**